छात्रों के हित में एनएसयूआई का कलेक्ट्रेट पर जमकर प्रदर्शन

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष हुए प्रदर्शन में शामिल

छात्र संघ चुनाव को लेकर अधिकारियों से की बात

नवभारत न्यूज, टीकमगढ।

सोमवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मध्य प्रदेश के कॉलेजों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए डायरेक्ट पद्धति से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की। इस प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे, हालांकि कलेक्टर नहीं पहुंचे। बाद में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम संस्कृति लिटोरिया और तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने उनकी बात सुनी। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि देशभर में भाजपा सरकार के खिलाफ युवाओं के आंदोलन हो रहे हैं और भाजपा के नेता जेनजी से डरे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार की मंशा छात्र संघ चुनाव कराने की नहीं दिख रही है।चौकसे ने बताया कि एक साल पहले एनएसयूआई ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर के पहले सप्ताह में चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा जब भी सीधे प्रणाली से चुनाव कराने से डरती है, तो वह इनडायरेक्ट पद्धति अपनाती है।एनएसयूआई की मांग है कि प्रदेश भर के छात्र-छात्राओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तय समय सीमा के भीतर कॉलेजों में डायरेक्ट पद्धति से छात्र संघ चुनाव कराए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो एनएसयूआई कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन और आंदोलन करेंगे।

इस मौके पर युवा एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित कश्यप, कांग्रेस प्रदेश महासचिव किरण अहिरवार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू, शहर अध्यक्ष गौरव शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनीस खान, पूनम जायसवाल, रेखा यादव, अंकित जैन, संजय नायक, सुनील अहिरवार, राजीव जैन, कर्मेंद्र व्यास और सुनील जैन सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। सोमवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मध्य प्रदेश के कॉलेजों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए डायरेक्ट पद्धति से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की। इस प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

चुनाव कराने से डरती है भाजपा

सोमवार को हुए प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि देशभर में भाजपा सरकार के खिलाफ युवाओं के आंदोलन हो रहे हैं और भाजपा के नेता जेनजी से डरे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार की मंशा छात्र संघ चुनाव कराने की नहीं दिख रही है।चौकसे ने बताया कि एक साल पहले एनएसयूआई ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर के पहले सप्ताह में चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जब भी सीधे प्रणाली से चुनाव कराने से डरती है ।

सड़क पर जगह-जगह कीचड़ होने से स्कूली बच्चे परेशान

नवभारत न्यूज, जतारा।

जतारा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत फतेहखिरक के चचाई खिरक में पैतपुरा-बिजरौठा मार्ग की हालत बारिश के बाद बदहाल हो गई है। सड़क पर जगह-जगह कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि इस रास्ते से गुजरते समय कई लोग और बच्चे फिसलकर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

ग्रामीण सरमन कुशवाहा, मनीष कुशवाहा और रविराज सूर्या ने बताया कि चचाई खिरक से पैतपुरा-बिजरौठा की ओर जाने वाला रास्ता लंबे समय से परेशानी का कारण बना हुआ है। बारिश होने के बाद रास्ते पर कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है, जिन्हें रोज इसी रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार कीचड़ के कारण दोपहिया वाहन चालकों को भी संभलकर निकलना पड़ता है। रास्ता खराब होने से वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते रास्ते की मरम्मत नहीं कराई गई तो बारिश के दिनों में समस्या और बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर रास्ते पर मुरम डालकर आवागमन सुचारु कराने तथा स्थायी रूप से सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क सुधरने से पैतपुरा-बिजरौठा सहित आसपास के गांवों के लोगों को राहत मिलेगी।

सड़क पर जगह-जगह कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि इस रास्ते से गुजरते समय कई लोग और बच्चे फिसलकर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर रोपे गए फलदार पौधे

नवभारत न्यूज, मोहनगढ़।

शासकीय बालक सीनियर छात्रावास परिसर में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार अभय सिंह ने छात्रावास अधीक्षक के साथ मिलकर परिसर में फलदार पौधे लगाए।

नायब तहसीलदार अभय सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण पर जोर दिया। छात्रावास परिसर में फलदार पौधे लगाए जाने से विद्यार्थियों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का संदेश मिला। नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने छात्रावास अधीक्षक राम प्रकाश अहिरवार के साथ फलदार पेड लगाए। शासकीय बालक सीनियर छात्रावास परिसर में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यकम आयोजित किया गया।

पासपोर्ट सेवा उपलब्ध

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

सहायक अधीक्षक डाकघर द्वारा बताया गया है कि प्रधान डाकघर में स्थापित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विदेश मंत्रालय के समन्वय से संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्देश्य नागरिकों को उनके निकट ही पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना है।

सहायक अधीक्षक डाक घर ने नागरिकों से अपील की है कि पासपोर्ट संबंधी सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रधान डाकघर, पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा मे आए।

लगातार हो रही बारिश से किसानों के खिले चेहरे

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले में पिछले पांच दिनों से मानसून सक्रिय है। रुक-रुककर हो रही बारिश से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। पिछले 24 घंटे में जिले में औसतन 0.7 इंच बारिश दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ और मोहनगढ़ में सबसे ज्यादा 2-2 इंच बारिश हुई।

वहीं बड़ागांव और जतारा में आधा-आधा इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। बल्देवगढ़ और पलेरा में बारिश नहीं हुई, जबकि खरगापुर और लिधौरा में हल्की बूंदाबांदी हुई। बान सुजारा बांध का जलस्तर भी बढ़ रहा है। बांध प्रबंधन के अनुसार, बांध 71.51 भर चुका है। धसान नदी से पानी की आवक बढ़ी है। पिछले 24 घंटे में 160 घन मीटर प्रति सेकंड की दर से पानी बांध में आ रहा है।

हालांकि बांध के सभी 12 गेट अभी बंद हैं। बांध की पूर्ण भराव क्षमता 276.04 मैट्रिक घन मीटर बताई गई है। वर्तमान में इसमें 197.40 मैट्रिक घन मीटर पानी भरा है।लगातार बारिश के कारण कुंडेश्वर में जमडार नदी भी उफान पर है। बारिश का असर किसानों पर भी दिखाई देने लगा है। किसान उड़द की फसल को लेकर चिंतित हैं।

तालाबों में संचयन करने के निर्देश

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मत्स्यपालन के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला मेघा गुप्ता द्वार जानकारी दी गई है कि जिले के मत्स्यपालन से संबंधित सभी मछुआ सहकारी समितियां, मछुआ,व्यक्तिगत के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है। तालाबों में संचयन हेतु मत्स्यबीज प्राप्त करने के लिये कार्यालय से संपर्क करें।

विद्युत की अघोषित कटौती बनी मुसीबत

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर की चरमराई विद्युत व्यवस्था अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

इन दिनों जरा सी बारिश या बादल गरजने पर तुरंत बिजली काट दी जाती है। जिससे शहर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। शहर की चरमराई विद्युत व्यवस्था अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है।

जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। शहर की चरमराई विद्युत व्यवस्था अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। जिसका विभाग द्वारा कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

संचालकों को दिए स्पष्ट निर्देश

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।

आज जनसुनवाई का होगा आयोजन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले में आज मंगलवार को नियमित जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी। आमजन अपनी शिकायत और आवेदन संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।

जनसुनवाई में राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, नगर पालिका, पंचायत, राशन, पेंशन, आवास योजना सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग पहुंच सकते हैं। अधिकारियों द्वारा आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को शिकायतों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

जनसुनवाई का उद्देश्य आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन तक सीधे पहुंच उपलब्ध कराना है। कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों द्वारा संबंधित विभाग के कर्मचारियों से जानकारी लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं।

जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते दिख रहे हैं। पीड़ित पक्ष की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया है।

अस्पताल मोहल्ला निवासी अनीसा और शेख हबीब ने बताया कि 22 अगस्त की दोपहर वे अपने प्लॉट पर लोहे के एंगल लगा रहे थे। इसी दौरान मुबीन, मतीन और मोहसिन अन्य सहयोगियों के साथ वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।पीड़िता अनीसा के अनुसार आरोपियों ने उन पर लोहे के एंगल और डंडों से जानलेवा हमला किया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बल्देवगढ़ थाना पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पीड़ित पक्ष सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचा। स्थानीय पुलिस ने घटना में शामिल कुछ मुख्य आरोपियों के नाम एफआईआर से हटा दिए हैं।

अधिकारियों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में आज सब जेल निवाड़ी एवं सब जेल जतारा का निरीक्षण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

सुनीता गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं अनुज कुमार चंसौरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी, द्वारा कार्यक्रम में बंदीगण को उनके अधिकारो की जानकारी दी।

दुग्ध व्यापारियों ने दुकानों को बंद कर जताया विरोध

नवभारत न्यूज, पलेरा।

जिले के पलेरा संभाग में सोमवार को दुग्ध संघ समिति और पशुपालक किसान संघ ने अपनी आवाज बुलंद की। क्षेत्र के सभी डेयरी और दुग्ध व्यापारियों ने अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखकर विरोध जताया।

इसके बाद सभी सदस्य लामबंद होकर तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा पशुपालन मंत्री के नाम एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में पशुपालकों और दुग्ध व्यवसायियों ने वर्तमान में आ रही आर्थिक और व्यावहारिक समस्याओं को रेखांकित किया उनकी मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं। दूध के क्रय मूल्य और फैट रेट में वृद्धि पशुपालकों का कहना है कि वर्तमान में मिल रहा दूध का दाम बेहद कम है, जिसे फैट के आधार पर तत्काल बढ़ाया जाए। पशु आहार की कीमतों पर नियंत्रण बाजार में चोकर, खली और अन्य पशु आहार कैटल फीड के दाम आसमान छू रहे हैं, जिन पर सरकार नियंत्रण लगाए। कार्रवाई नहीं की गई तो यह आंदोलन होगा।

खाद मिलने से फसलों को होगा फायदा

नवभारत न्यूज,

टीकमगढ। किसानों को सुगमता से उर्वरक वितरण को ध्यान में रखकर भारत सरकार के आईएफएमएस पोर्टल एवं प्रदेश के उर्वरक विक्रेता रिटेलर के स्टॉक का मिलान करने हेतु 14 अप्रेल को शाम 7.00 बजे से उर्वरक विक्रय बंद किया गया हैं, मिलान का कार्य तेजी से किया जा रहा हैं। किसानों को तकलीफ़ नहीं होगी, 17 अगस्त से जितनी खाद चाइए उतनी मिलेगी, ताकि रबी की खाद इसी माह से किसानों को मिलना प्रारम्भ हो गई है।

प्रदेश में रासायनिक उर्वरको का पर्याप्त भंडारण है, एक अप्रेल से अभी तक यूरिया की कुल उपलब्धता 17.04 लाख मीट्रिक टन थी, जिसमें से 12.83 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उठाव किसानो द्वारा किया गया हैं, वर्तमान में 4.21 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता हैं, जबकि विगत वर्ष इसी समय यूरिया की उपलब्धता 1.60 लाख मीट्रिक टन थी। डीएपी एवं एन पी के की कुल उपलब्धता 11.20 लाख मीट्रिक टन थी। 17 अगस्त से जितनी खाद चाइए उतनी मिलेगी, ताकि रबी की खाद इसी माह से किसानों को मिलना प्रारम्भ हो गई है।

गंदगी से बढ़ रहे मच्छर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

आराधना श्रद्धालुओं ने बम-बम भोले के लगाए जयकारे

सावन के अंतिम सोमवार को कुंडेश्वर मंदिर में उमड़े हजारों श्रद्धालु

नवभारत न्यूज,

टीकमगढ़। प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर में सावन के अंतिम सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुंडेश्वर पहुंचे, जिसमें महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक रही। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कुंडेश्वर को कुंडेश्वर लोक के रूप में विकसित करने की घोषणा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

लोगों का कहना है कि अब जल्द ही कुंडेश्वर का विकास महाकाल लोक की तर्ज पर होगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर में श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार को भक्तों का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं, जो भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4 बजे मंदिर के प्रधान पुजारियों ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। लगभग एक घंटे तक चले इस अभिषेक के बाद, सुबह 5 बजे मंदिर का गर्भ गृह भक्तों के लिए खोल दिया गया। श्रद्धालुओं ने बम बम भोले और नम: शिवाय के जयकारे लगाते हुए शिवलिंग पर जल चढ़ाया और पूजा-अर्चना की। सावन के अंतिम सोमवार के कारण शहर के प्रतापेश्वर मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर और चंद्रेश्वर महादेव सहित सभी प्रमुख शिवालयों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह से रिमझिम बारिश भी हो रही थी, लेकिन इसके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और वे भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए कतारों में खड़े रहे।

शाम को हुई मंदिर में महा आरती

कुंडेश्वर के रास्ते में कई जगहों पर लोगों ने भक्तों के स्वागत में प्रसाद वितरण भी किया।शाम 5 बजे मंदिर का गर्भ गृह भक्तों के लिए बंद कर दिया गया। जिसके बाद विशेष आकर्षक श्रृंगार किया गया। कलाकार रामू जड़िया ने बताया कि इस वर्ष भोलेनाथ का रुद्र रूप में सवा किलो भांग से श्रृंगार किया गया। जिसके लिए 15 हजार रुद्राक्ष मंगाए गए थे। इसके अतिरिक्त, चांदी से बनी मुंड माला और कुंडल सहित अन्य आभूषण भी पहनाए गए। शाम 7 .30 बजे महा आरती उतारी गई।

कोबरा सांप का सर्प मित्र ने किया स्नेक रेस्क्यू

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कांग्रेस नेता गोविंद सिंह गौर के फार्म हाउस में 4 फीट लंबा कोबरा सांप मिला। फार्म हाउस के कर्मचारियों ने सांप को देखते ही तत्काल स्नेक रेस्क्यू टीम को सूचना दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर कोबरा को सुरक्षित पकड़ा।

घटना जतारा के सिमरिया स्थित कांग्रेस नेता के फार्म हाउस पर हुई। कर्मचारियों की सूचना पर कांग्रेस नेता ने रेस्क्यू टीम से संपर्क किया। टीम ने सावधानीपूर्वक कोबरा को रेस्क्यू किया और उसे एक डिब्बे में रखकर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया। इस रेस्क्यू अभियान में बिष्णु घोष, संग्राम सिंह, प्रदीप घोष और भारत घोष शामिल थे। बिष्णु घोष ने बताया कि कोबरा सांप सबसे जहरीली प्रजातियों में से एक है।उन्होंने बारिश के मौसम में सांप दिखने पर लोगों से न घबराने और उसे मारने का प्रयास न करने की अपील की। इसके बजाय, प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को तुरंत सूचित करने की सलाह दी गई, ताकि सांप को सुरक्षित बचाया जा सके। रेस्क्यू टीम ने यह भी कहा कि किसी भी जहरीले जीव के काटने पर झाड़फूंक के बजाय तुरंत अस्पताल में उपचार कराएं, क्योंकि लापरवाही जानलेवा हो सकती है।